

# मैनचेस्टर टेस्ट में मिल सकती है ध्रुव जुरेल को जगह

**पंत के चोटिल होने से जुरेल के खेलने की संभावना बढ़ी**
**अभ्यास सत्र में जुरेल ने दिखाया दमदार आक्रामक और डिफेंसिव खेल**
**गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल के सामने निखरी तकनीक**



**मैनचेस्टर, 19 जुलाई ( वार्ता ) गुरुवार की सुबह भारतीय अभ्यास सत्र के दौरान बेकेनहम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड से गेंद नेट्स के बाहर आ रही थी। बल्ले से गेंद टकराने के बाद टुक, टुक, टुक की एक मधुर आवाज भी आ रही थी जो खाली पड़े मैदान में गूंज रही थी।**

शॉट्स इतने ताकतवर थे कि गेंद सीधे प्लास्टिक की सीटों पर जाकर गिर रही थी, लॉन्ग ऑन से लेकर पेड़ों के बीच होते हुए ध्रुव जुरेल के लॉफ्टेड शॉट्स काऊ कॉर्नर तक पहुंच रहे थे। जुरेल सफेद टी-शर्ट में बेहद सहज अंदाज में आक्रामक शॉट्स खेल रहे थे। जुरेल के सामने अब थे पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल, जो 20 यार्ड से गेंदबाजी कर रहे थे। मॉर्कल उनके स्टंप्स और ऑफ स्टंप के बाहर बल्ले के किनारे को निशाना बना रहे थे। जुरेल उनके सामने तकनीकी तौर पर बिल्कुल सहज थे और अच्छे फुटवर्क के साथ डिफेंस कर रहे थे। जुरेल का डिफेंस इसलिए भी अच्छा हो रहा था क्योंकि यही उनकी खासियत है, जब से उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू किया है तब से ही उनकी तकनीक डिफेंस और आक्रामक खेल दोनों में ही शानदार है। जिस वजह से उनकी बल्लेबाजी बेहद सहज नजर आती है।

> भारतीय सैनिक के पुत्र जुरेल की शारीरिक भाषा भी एक सैनिक की ही तरह है, वह सीना चौड़ा कर चलते हैं और हमेशा आत्मविश्वास से लबरेज नजर आते हैं। जिस समर्पण और दिमागी तौर से बिल्कुल स्पष्ट अंदाज में वह खेलते हैं उसी की बदौलत कम समय में ही उन्होंने भारत के लिए मैच जिताऊ पारियां खेल ली हैं। इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में धीमी और कम उछाल वाली पिच पर भी उन्होंने बेहतरीन 90 रन की पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से भी नवाजा गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अभ्यास मैच में एक मुश्किल पिच पर उन्होंने 80 और 68 रन की पारियां खेली थी। जुरेल ने इस दौरे पर भी इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ दो मैचों में तीन अर्धशतक जड़ते हुए बतौर बल्लेबाज प्लेइंग-इ्लेवन में दस्तक दे दी थी। बदकिस्मती से अब तक तीनों ही टेस्ट में वह अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाए हैं। लेकिन गुरुवार को भारतीय सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे ने इस बात का इशारा कर दिया है कि जुरेल हमारे विकल्पों में शामिल हैं।



# क्वार्टर फाइनल में भारत

## बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप

- **भारत ने यूएई को 110-83 से हराया**
- **आज हांगकांग से होगा मुकाबला**

**सोलो ( इंडोनेशिया ), 19 जुलाई.** भारत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां ग्रुप डी के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर 110-83 से जीत दर्ज करके बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

भारत ने इससे पहले ग्रुप के अपने शुरुआती मुकाबले में शुक्रवार को श्रीलंका को हराया था। ग्रुप की एक अन्य टीम हांगकांग ने भी अपने दोनों मुकाबले जीते हैं और उसने भी भारत के साथ क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है।

ग्रुप डी के शीर्ष पर रहने वाली टीम का फैसला करने के लिए अब भारत और हांगकांग के बीच रविवार को मुकाबला होगा। यह टूर्नामेंट रिले स्कोरिंग प्रारूप के तहत खेला जा रहा है, जहां टीमें 10 मैचों में 110 अंक हासिल करने कोशिश करती हैं।

भारत ने यूएई के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बना दिया था। पहले मैच में लड़कियों के एकल में रुजुला रामू ने मायशा खान को 11-5 से हराया। इसके बाद मिश्रित युगल में सी लालरामसांगा और तारिणी सूरी ने बढ़त को 22-11 तक पहुंचा दिया। यूएई ने कुछ मैचों में भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी लेकिन वह किसी भी समय उससे आगे नहीं निकल पाया। भारत ने पूरे मुकाबले में अपनी बढ़त बनाए रखी। उसने मध्यांतर तक 55-41 से बढ़त बना रखी थी। इसके बाद अमेरिकी ओपन फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा ने मधुमिता सुंदरपांडियन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त को 66-46 तक पहुंचा दिया।

# केएल राहुल अब टेस्ट में अपने चरम पर

## रवि शास्त्री ने की तकनीकी बदलावों की सराहना



**लंदन, 19 जुलाई ( वार्ता ) पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री को उम्मीद है कि भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल लंबे प्रारूप में और शतक लगाएंगे।**

इंग्लैंड के खिलाफ चल रही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में भारत के लिए बल्ले से अहम योगदान देने वालों में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल शामिल हैं। तीन टेस्ट मैचों में 375 रन, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है, के साथ राहुल अब तक श्रृंखला में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

राहुल के हालिया प्रदर्शनों ने उन्हें भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री की सराहना दिलाई है। आईसीसी रिव्यू के नवीनतम संस्करण में बात करते हुए, शास्त्री ने इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन का समर्थन किया। शास्त्री ने कहा, मुझे लगता है कि दुनिया में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं था जिसने उनकी क्षमता को नकारा हो और कहा हो कि वह (राहुल) प्रतिभाशाली नहीं हैं।

उन्होंने कहा, लोगों को इस बात से चिढ़ थी कि इतनी प्रतिभा के बावजूद, वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। और इस सीरीज में, आप राहुल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देख रहे हैं।

### डिफेंस में किया बदलाव

शास्त्री ने आगे बताया कि राहुल ने इस फॉर्म को पाने के लिए एक तकनीकी बदलाव किया है। उन्होंने कहा, मैं देख रहा हूं कि उन्होंने अपने अगले पैर, अपनी मुद्रा और डिफेंस करते समय थोड़ा सा बदलाव किया है। शास्त्री ने कहा, 卐यह थोड़ा खुल गया है, जिससे उनकी पीठ आसानी से बाहर आ जाती है। यहां तक कि जब वह मिड-विकेट की ओर मार रहे होते हैं, तब भी ब्लेड का पूरा मुंह सामने होता है। शास्त्री ने कहा, 卐उन्हें ब्लेड का सामने वाला हिस्सा बंद करने और गिरकर मुसीबत में पड़ने की जरूरत नहीं है, जैसा कि वह पहले करते थे।



# लॉर्ड्स में पहुँची पुजारा की किताब

**लंदन, 19 जुलाई.** पूजा पुजारा की अपने पति और भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पर लिखी किताब 'द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर वाइफ' को लार्ड्स क्रिकेट मैदान की लाइब्रेरी में जगह मिली है जिसे शुक्रवार को आधिकारिक रूप से लंदन के नेहरू सेंटर में लांच किया गया।

- **पत्नी के नजरिए से क्रिकेटर की जिंदगी का चित्रण**

किताब की लेखिका पूजा का कहना है कि इस किताब में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। इसमें पूजा ने एक पत्नी के मैदान के बाहर के नजरिए से भारतीय बल्लेबाज के 2010 से 2023 तक के अंतरराष्ट्रीय करियर की उपलब्धियों और संघर्षों के बारे में लिखा है।



# लैथम के शतक से बियर्स क्वालीफाई

**टॉम लैथम ने 51 गेंदों में 104 रन जड़े**
**एलेक्स डेविस के साथ 187 रनों की साझेदारी**

**लंदन, 19 जुलाई ( वार्ता )** न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान टॉम लैथम ने अपना पहला टी20 ब्लास्ट शतक जड़ा जिससे बियर्स ने ग्रुप मैचों के तनावपूर्ण आखिरी मैच के बाद डरहम, हैम्पशायर और केंट के साथ क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

लैथम ने एलेक्स डेविस के साथ पहले विकेट के लिए 187 रनों की साझेदारी की जिससे बियर्स ने नॉर्थ ग्रुप के डर्बी में डर्बीशायर को 127 रनों से हरा दिया। लंकाशायर लाइटनिंग और नॉर्थम्पटनशायर स्टीलबैक्स पहले ही क्वालीफाई कर चुके थे, डरहम को पता था कि नॉर्थम्पटनशायर स्टीलबैक्स पर जीत उन्हें अंतिम आठ में जगह दिला देगी और उन्होंने नौ विकेट से करारी जीत और एलेक्स लीज के पहले ब्लास्ट शतक के साथ ऐसा ही किया। नॉटिंघमशायर के युवा खिलाड़ी फरहान अहमद ने इस साल की प्रतियोगिता की तीसरी हैट्रिक लगाई और आउटलॉज ने ट्रेंट ब्रिज में लंकाशायर पर सांत्वना जीत हासिल की। साउथ ग्रुप में, गुरुवार को एसेक्स के हाथों हैम्पशायर की हार ने उन्हें मैदान से बाहर खड़े होकर घबराहट में देखने पर मजबूर कर दिया, लेकिन उनका बेहतर रन-रेट सरे, समरसेट और केंट के साथ आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त था। डर्बी में, समित पटेल फाल्कन्स के लिए अपने आखिरी मैच में जीत के साथ विदाई लेने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन बियर्स ने शानदार जीत के साथ अपना क्वालीफिकेशन पक्का कर लिया और उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

लैथम (51 गेंदों में आठ छक्कों की मदद से 104 रन) और डेविस (89) ने 187 रनों की ओपनिंग साझेदारी की -जो ब्लास्ट में संयुक्त रूप से चौथी सबसे बड़ी साझेदारी थी - जिससे मेहमान टीम ने 233-5 का स्कोर बनाया, जिसमें पटेल ने अपने तीन ओवरों में 38 रन लुटाये। पटेल के छह रन पर आउट होने के बाद डर्बीशायर का स्कोर 62/5 हो गया और टीम 106 रनों पर ऑल आउट होकर नॉर्थ ग्रुप में सबसे निचले पायदान पर आ गई।

# ISSF का शूटिंग गियर में बदलाव का प्रस्ताव

## तकनीकी डोपिंग रोकने और लागत कम करने का लक्ष्य

**चेन्नई 19 जुलाई.** इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (ISSF) ने तकनीकी डोपिंग रोकने के लिए निशानेबाजों के कपड़ों में बड़े बदलावों का प्रस्ताव दिया है। इन बदलावों के कारण 2026 में राइफल स्पर्धाओं के विश्व रिकॉर्ड रीसेट हो सकते हैं। जून में म्यूनिख में हुई कार्यशाला में इन पर चर्चा हुई, और एक नया संशोधन अगले साल 1 जनवरी को जारी होगा।

आईएसएसएफ ने पाया कि सख्त और मोटे सूट निशानेबाजों को अनुचित स्थिरता प्रदान कर रहे थे, जिसे %तकनीकी डोपिंग% माना गया। इन बदलावों का उद्देश्य महंगी प्रीमियम जैकेट (जो 1 लाख रुपये तक की थीं) की लागत को कम करना और %पेंग्विन-वॉकिंग% (सख्त सूट के कारण एथलीटों की अजीब चाल) जैसी समस्याओं को खत्म करना भी है।

### प्रमुख परिधान बदलाव

**जैकेट :-** कंधे और बाहों के पास दोहरी परत वाले क्षेत्र में कठोरता 30 सेकंड में 3 .0 मिमी होनी चाहिए (पहले 60 सेकंड)। अन्य हिस्सों पर केवल एकल-मोटाई वाले कैनवास की अनुमति।
**ट्राउजर :-** कमर और निचले-पीठ को छोड़कर, कैनवास एकल-परत वाला होगा।
**बटन ओवरलैप :-** 10 मिमी बढ़ाकर 80 मिमी किया गया, जिससे जैकेट थोड़ी ढीली होगी।
**जूते :-** लचीलेपन के परीक्षण सख्त होंगे; हाई राइफल बूट्स प्रतिबंधित, केवल खुले टखने वाले जूते अनुमत।
**घुटने टेकने की स्थिति :-** 50 मीटर 3पी इवेंट में असीमित परिधि का कुशनिंग रोल अब इस्तेमाल किया जा सकता है।

## एक नजर में



### अभिनव बिंद्रा ने साय से की मुलाकात

**रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से शनिवार को उनके निवास कार्यालय में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता शूटर अभिनव बिंद्रा ने सौजन्य भेंट की और साय ने बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी एवं स्पोर्ट्स साइंस डेवलपमेंट के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। साय ने बिंद्रा का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने बिंद्रा से छत्तीसगढ़ में खेल गतिविधियों के विकास एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने संबंधी योजनाओं पर गहन चर्चा की।मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है। प्रदेश के युवाओं में खेलों के प्रति स्वाभाविक रुचि एवं नैसर्गिक प्रतिभा है, विशेषकर आदिवासी अंचलों के युवाओं में अत्यधिक संभावनाएं हैं। इस परिप्रेक्ष्य में बिंद्रा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि वह छत्तीसगढ़ में ओलंपिक वैल्यू एजुकेशन, स्पोर्ट्स इंजरी रिकवरी और स्पोर्ट्स साइंस कार्यक्रम प्रारंभ करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने में ये प्रयास अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

### स्पेन महिला यूरो के सेमीफाइनल में

**बर्न (स्विट्जरलैंड).** स्पेन ने दो पेनल्टी चूकने के बावजूद मेजबान स्विट्जरलैंड को 2-0 से हराकर इतिहास में दूसरी बार महिला यूरो के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को खेले गये क्वार्टर फाइनल के पहले हॉफ में पिना ने स्पेन के लिए कई मौके बनाए, लेकिन मेजबान टीम की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। स्पेन की फॉरवर्ड एथीनिया डेल कैस्टिलो ने बेंच से उतरकर स्कोरिंग की शुरुआत की और क्लाउडिया पिना ने शानदार दूसरा गोल किया।

### सीएम रेखा गुप्ता की पैरा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली.** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद पहले जन्मदिन के अवसर पर राजधानी के पैरा खिलाड़ियों और खेल समुदाय में खास उत्साह देखने को मिला। दिल्ली पैरा ओलंपिक कमेटी की अध्यक्ष पारूल सिंह ने पैरा खिलाड़ियों की ओर से मुख्यमंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं और उनके दीर्घायु व सफल कार्यकाल की कामना की। पारूल सिंह ने कहा, 卐मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है। पहली बार राजधानी में पैरा खेलों का आयोजन होना एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मान और अवसर दोनों मिलेंगे।

# अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल में बाहर

## प्रज्ञानानंद ने जीत से बनाई साख



**लास वेगास 19 जुलाई. ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में शानदार सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया, जहां उन्हें आर्मेनियाई-अमेरिकी लेवोन अरोनियन से 0-2 से हार का सामना करना पड़ा।**

फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने एरिगैसी, मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे दिग्गजों को हराने के बाद अरोनियन के खिलाफ अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए और पहले गेम में मिले मौकों को भुना नहीं सके। अरोनियन ने मुश्किल स्थिति में भी धैर्य बनाए रखा और वापसी के गेम में एरिगैसी के अनावश्यक जोखिमों का फायदा उठाकर जीत हासिल की। दूसरे सेमीफाइनल में, संयुक्त राज्य अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हमवतन फैबियानो कारुआना को 2.5-1.5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। तीसरे-आठवें स्थान के प्लेऑफ में, आर. प्रज्ञानानंद ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को 1.5-0.5 से हराया।



### हम्पी का जलवा

**बटुमी (जॉर्जिया)** ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी फीडे महिला विश्व कप में अपना पहला खिताब जीतने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, जहां वह क्वार्टर फाइनल में चीन की युक्सिन सॉन्ग का सामना करेंगी। हम्पी, दिव्या देशमुख, डी. हरिका और आर. वैशाली के साथ अंतिम आठ में पहुंची हैं। यह पहली बार है कि किसी एक देश की चार खिलाड़ी इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं।

# राष्ट्रीय खेल बोर्ड लाएगा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली 19 जुलाई.** प्रस्तावित खेल शासन विधेयक एक राष्ट्रीय खेल बोर्ड (एनएसबी) की स्थापना करेगा, जिसके सभी सदस्य केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाएंगे। यह बोर्ड खेल संघों की मान्यता को निलंबित करने के व्यापक अधिकारों से लैस होगा, विशेषकर जब कोई चुनावी अनियमितता या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है।

यह विधेयक सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में संसद में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें प्रशासकों की अधिकतम आयु सीमा में कुछ छूट भी दी गई है, जिससे 70 से 75 वर्ष तक के व्यक्ति अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की आपत्ति न होने पर चुनाव लड़ सकेंगे।



- **खेल संघों पर नियंत्रण बढ़ाएगा प्रस्तावित विधेयक**
- **चुनावी गड़बड़ी पर संघ की मान्यता होगी रद्द**
- **70 से 75 वर्ष तक को मिल सकती है छूट**

**रसेल लेंगे संन्यास** | **विराट कोहली की गेंद पर चौका लगाकर दिलाई थी जीत**

# 2016 विश्व कप सेमीफाइनल मेरी कॅरियर की सबसे गर्व की बात



**जमैका, 19 जुलाई ( वार्ता )** आंद्रे रसेल अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने की तैयारी कर रहे हैं, और जमैका के इस ऑलराउंडर ने 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेली गई अपनी तेज-तर्रार पारी को वेस्टइंडीज के लिए अपना सबसे गौरवपूर्ण पल बताया है।

2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में घरेलू मैदान पर भारत के 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, आंद्रे रसेल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, जब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों पर 77 रनों की जरूरत थी। रसेल ने क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) को दिए एक साक्षात्कार में कहा, निश्चित रूप से (मेरा सबसे अच्छा पल) 2016 विश्व कप था, भारत के खिलाफ वह सेमीफाइनल मैच जहां मैंने और लेंडल सिमंस ने टीम को जीत दिलाई, और जाहिर है कि हमें दूसरे बल्लेबाजों से जो शुरुआत मिली वह भी शानदार थी। अपनी विस्फोटक शैली की एक विशिष्ट पारी में, आंद्रे रसेल ने मात्र 20 गेंदों पर 43 रन बनाकर वेस्टइंडीज को दो गेंद शेष रहते जीत दिलाई। उन्होंने विराट कोहली की गेंद पर चौका लगाकर जीत पक्की कर दी। भारत में हुए उस सेमीफाइनल में 190 से ज़्यादा रनों का पीछा करते हुए, दर्शकों का समर्थन सिर्फ भारत के पक्ष में था, यह पहले से ही थोड़ा दबाव था, लेकिन विकेट बहुत अच्छा था, इसलिए चेंजिंग रूम में हमारा आत्मविश्वास और जो बल्लेबाज मैदान पर थे, उसने मुझे मैदान पर जाकर अपनी भूमिका निभाने की आजादी और आत्मविश्वास दिया। यह पारी वेस्टइंडीज को फाइनल में पहुंचाने में अहम रही, जहां उन्होंने कोलकाता में एक रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को हराया। इस जीत ने टीम को दूसरा टी20 विश्व कप खिताब दिलाया, और आंद्रे रसेल दोनों विश्व कप जीत का हिस्सा थे।

> आन्द्रे रसेल ने कहा, जाहिर है, दो विश्व कप, यह एक अलग ही एहसास है। आप सोते हैं, (फाइनल के बाद वाली सुबह) उठते हैं, और आपको एहसास होता है कि आप सिर्फ दो घंटे ही सोए हैं, लेकिन आप अच्छी तरह आराम महसूस करते हैं क्योंकि आप बस यह देखना चाहते हैं कि इंटरनेट पर क्या चल रहा है, आप उन सभी यादों और उन सभी अच्छी टिप्पणियों को देखना चाहते हैं। आंद्रे रसेल ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क, जमैका में खेले जाने वाले पहले दो टी20 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। मैंने वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करते हुए हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रसेल ने आगे कहा, 卐मुझे लगता है कि यह मेरे अंतरराष्ट्रीय करियर के अंत के लिए एकदम सही मैदान और एक अच्छी श्रृंखला है - एक अच्छी टीम, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी।